भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +2280
सोमवार, 2 अगस्त, 2021/11 श्रावण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पंजाब में धार्मिक परिपथ का विकास

+2280. श्रीमती हरसिमरत कौर बादल:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि पंजाब में अमृतसर स्थित श्री हरमंदिर साहिब और श्री आनंदपुर साहिब तथा सिख धर्म के अन्य धार्मिक तख्त और स्थल विश्वस्तरीय स्मारक हैं, जो लाखों तीर्थयात्रियों को आकर्षित करते है;

(ख) क्या सरकार ने पंजाब में पर्यटन के विकास के लिए कोई धनराशि प्रदान की है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में पंजाब की मदद हेतु कोई सुविधा प्रदान की है; और

(ड.) क्या सरकार का पंजाब में धार्मिक परिपथ के विकास के लिए धनराशि प्रदान करने का विचार है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): जी हां। अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) और श्री आनंदपुर साहिब तथा अन्य धार्मिक तख़्त तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

(ख) से (ड.): पर्यटन मंत्रालय, 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) पर राष्ट्रीय मिशन' की अपनी योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों/कैंद्रीय एजेंसियों को पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इसके अलावा 'पर्यटन आधारभूत संरचना विकास योजना के लिए कैंद्रीय एजेंसियों को सहायत योजना' के तहत पर्यटन अवसंरचना के विकास से संबंधित परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई है। इन योजनाओं के तहत परियोजनाओं की मंजूरी एक सतत प्रक्रिया है और उन्हें धन की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत करने, योजना दिशानिर्देशों का अनुपालन और पहले जारी की गई धनराशि के उपयोग आदि की शर्त पर स्वीकृत किया जाता है।

पंजाब में पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की सूची **अनुबंध** में दी गई है

****

अनुबंध

पंजाब में धार्मिक परिपथ का विकास के संबंध में दिनांक 02.08.2021 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. +**2280** के भाग (ख) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2020-21 के दौरान पंजाब में पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है :

(करोड़ रु में)

क्र. सं.	**योजना एवं स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1	प्रशाद 2015-16	अमृतसर में करुणा सागर वाल्मीकि स्थल का विकास	6.40
2.	पर्यटन आधारभूत संरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' 2017-18	जेसीपी अटारी में आधारभूत संरचना का विकास	13.12
3.	पर्यटन आधारभूत संरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' 2018-19	जलियांवाला बाग स्मारक का जीर्णोद्धार/नवीनीकरण और अमृतसर में जलियांवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक पर किए जाने वाले अतिरिक्त कार्य	23.02
4.	स्वदेश दर्शन 2018-19	'आनंदपुर साहिब -फतेहगढ़ साहिब-चमकौर साहिब-फिरोजपुर-अमृतसर-खटकर कलां-कलानौर-पटियाला' का विकास	91.55

****